



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**अप्रैल–2019**

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

### पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 की उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय पर गोष्ठी

श्री ओ0पी0 सिंह, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पर आहूत की जाने वाली गोष्ठी उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय स्थित पोलनेट भवन के भूतल स्थित "पद्म श्री छत्रपति जोशी सभागार" में आहूत की गयी। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय पर उल्लासपूर्वक स्वागत किया गया। ज्ञातव्य हो कि श्री ओ0पी0 सिंह अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के पद पर उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय में वर्ष 2013 में नियुक्त रहे हैं। इस दौरान श्री ओ0पी0 सिंह ने उत्तर प्रदेश पुलिस हेतु ''पुलिस मॉडर्न कण्ट्रोल रूम'' की स्थापना का उल्लेखनीय एवं दूरगामी महत्व का कार्य प्रारम्भ कराया था।

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर आहूत उक्त गोष्ठी में पुलिस की सभी इकाईयों के पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक इत्यादि अधिकारियों ने भाग लिया। गोष्ठी में विगत गोष्ठियों के बिन्दुओं की प्रगति की समीक्षा के साथ–साथ, विभिन्न इकाईयों को सौंपे गये कार्यों की विस्तृत रुप से समीक्षा, पुलिस बल में उन्नत तकनीक को आत्मसात करने, पुलिस प्रशिक्षण गतिविधियों के उन्नयन, सिग्नेचर बिल्डिंग की व्यवस्था, पुलिस से सम्बन्धित समसामयिक विषय, लोक सभा चुनाव 2019, इत्यादि पर व्यापक विचार–विमर्श किया गया।

गोष्ठी के अन्त में पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश ने सभी से निर्दिष्ट बिन्दुओं पर समयबद्ध कार्यवाही की अपेक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को पूर्ण मनोयोग से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय स्थित "पद्म श्री छत्रपति जोशी सभागार" की उन्नत साज–सज्जा एवं उच्च गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं की सभी प्रतिभागियों ने मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की।











## समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार, नई दिल्ली पर कॉन्फ्रेंस में उ0प्र0 पुलिस रेडियो द्वारा प्रतिभाग

पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार, नई दिल्ली पर "पुलिस दूरसंचार प्रशिक्षण की आवश्यकतायें" विषय पर अखिल भारतीय पुलिस दूरसंचार सेवाओं के प्रमुखों की एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के निर्देश प्रदान किये गये जिसके अनुपालन में श्री सत्य प्रकाश सिंह, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) द्वारा 15 मार्च 2019 को समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार, नई दिल्ली में आयोजित कॉन्फ्रेंस में भाग लिया गया। उक्त एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस में राज्यों के पुलिस बलों एवं अर्द्धसैनिक बलों के दूरसंचार प्रमुख/प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। कॉन्फ्रेंस में पश्चिम बंगाल के अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री देबाशीष रॉय, असम राईफल्स, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी के उपमहानिरीक्षकगण/कर्नल ने भी भाग लिया। कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ निदेशक, समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार, नई दिल्ली, श्री आनन्द स्वरुप ने किया।

कॉन्फ्रेंस के दौरान श्री सिंह ने अपने प्रस्तुतीकरण में पुलिस दूरसंचार प्रशिक्षण की आवश्यकताओं, प्रशिक्षण कार्य में उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार के योगदान (ऑनलाईन/ऑफलाईन परीक्षाओं के आयोजन, 09 मूलभूत एवं पदोन्नति प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन, 13 विशेष अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों/कार्यशालाओं के संचालन, 09 मैनुअल एवं 05 प्रश्न बैंक का स्वयं लेखन, 06 मैनुअल उ0प्र0 पुलिस की वेबसाईट पर अपलोड करने, 08 श्रेणियों में प्रत्येक वर्ष विभागीय दक्षता प्रतियोगिताओं का आयोजन व प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कार्मिकों को पुरस्कार तथा सम्मान पत्र देने, प्रशिक्षण कार्य हेतु वातानुकूलित कक्षाओं, कम्प्यूटर कक्ष, मॉडल कन्ट्रोल रुम एवं नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाओं की स्थापना, जीपीएस/जीआईएस एवं सेटेलाईट इमेजिंग पर प्रशिक्षण कराने, छत्तीसगढ़ पुलिस के 120 कार्मिकों को प्रशिक्षित करने, नेशनल पुलिस म्यूज़ियम, नई दिल्ली हेतु सामग्री उपलब्ध कराने इत्यादि) को स्पष्ट किया तथा भारत में पुलिस दूरसंचार प्रशिक्षण गतिविधियों के उन्नयन हेतु सुझाव भी प्रस्तुत किये गये जिसकी सभी ने प्रशंसा की।

कॉन्फ्रेंस में उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस दूरसंचार प्रशिक्षण में नवीनता, अभिनव प्रयोगों, विविधतापूर्ण समसामयिक प्रशिक्षण, देश के सभी पुलिस दूरसंचार संगठनों के लिये इण्टरनेट पर पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने इत्यादि सराहनीय प्रयासों/प्रयोगों के लिये स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।











### सराहनीय कार्य

● निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार | |
| 28.03.2019 | मेरठ |
| 10.03.2019 | गाज़ियाबाद |
| 09.03.2019 | गौतमबुद्धनगर |
| 08.03.2019 | वाराणसी, गाज़ियाबाद |
| 03.03.2019 | अमेठी, प्रयागराज |
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | |

| | |
|---|---|
| 08.03.2019 | वाराणसी, गाज़ियाबाद |
| 01.03.2019 | मुज़फ्फरनगर |
| मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 | |
| 26.03.2019 | वाराणसी |
| 24.03.2019 | सहारनपुर |
| 20.03.2019 | मथुरा |
| 19.03.2019 | आगरा |
| 09.03.2019 | गौतमबुद्धनगर |
| 08.03.2019 | वाराणसी, गाज़ियाबाद |
| 05.03.2019 | वाराणसी |
| 04.03.2019 | देवरिया |
| 03.03.2019 | अमेठी, प्रयागराज |

### कल्याणकारी कार्य

● पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में मार्च–2019 में 423 कार्मिकों का उपचार किया गया।

### मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश/उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के आदेश/निर्देश

1. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश को सम्बोधित अपर पुलिस

महानिदेशक, मुख्यालय, प्रयागराज के पत्र संख्याः सामान्यःXII–33(मजदूरी)–2014 दिनांक 13.03.2019 द्वारा शासनादेश संख्याः 1/2019/577/छः–पु–16–2019–1100 (184)/2008 दिनांक 09.03.2019 के माध्यम से प्रदेश के पुलिस थानों/चौकियों/इकाईयों में कार्यरत अंशकालिक सफाई मजदूरों के नियत वेतन में वृद्धि करते हुए रु0 1200/– प्रतिमाह किये जाने की स्वीकृति प्रदान करने से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2. पुलिस महानिरीक्षक, कानून एवं व्यवस्था, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–आठ–80(19)2019 दिनांक 13.03.2019 द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 के पत्र संख्याः 800/सी0ई0ओ0–1 दिनांक 10.03.2019 के निर्देशानुसार निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों को सुचारु रुप से सम्पन्न कराने तथा समयबद्ध सूचनाओं/आख्याओं के प्रेषण में विलम्ब न होने देने के दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के बिना मुख्यालय न छोड़ने हेतु निर्देशित किया गया है।

## रेडियो मुख्यालय के आदेश/ कार्यालय ज्ञाप

1. उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के आदेश संख्याः ई–479/2018 (एल0एस0ई0) स्टाफ दिनांक 23.03.2019 द्वारा लोक सभा चुनाव–2019 में प्रथम चरण दिनांक 11.04.2019 के जनपदों में सुदृढ़ संचार व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने हेतु निम्नानुसार स्टाफ आवंटित किया गया है–

| DEPUTED FOR DISTT | TOTAL NO. OF DEPUTED STAFF | DEPUTED FROM DISTT/UNIT RANKWISE | NO. OF RADIO STAFF |
|---|---|---|---|
| SMI | 8 | BRY - RSI | 2 |
| | | BRY - HOM | 1 |
| | | BRY-HO/AO | 5 |
| ZUF | 10 | JSI - RSI | 1 |
| | | JSI - HOM | 2 |
| | | EWH - HO/AO | 7 |
| BPT | 16 | LKW-HOM | 4 |
| | | LKW - HO/AO | 1 |
| | | FRZ - HO/AO | 6 |
| | | RPR- HO/AO | 3 |
| | | PBT -HO/AO | 2 |
| MRT | 5 | KNC - HOM | 1 |
| | | KNC - HO/AO | 4 |
| GBN | 2 | KNC - HO/AO | 2 |
| BHR | 6 | BBK-RSI | 1 |
| | | BBK-HOM | 1 |
| | | BBK-HO/AO | 4 |
| GZB | 5 | SIG RHQ - RSI | 1 |
| | | SIG RHQ - HOM | 1 |
| | | SIG RHQ - HO/AO | 3 |
| BJR | 9 | BBK-HOM | 2 |
| | | UAO-HOM | 2 |
| | | UAO-HO/AO | 1 |
| | | STP- HO/AO | 4 |
| SRR | 10 | JSI-HOM | 1 |
| | | JSI- HO/AO | 2 |
| | | MDD-HOM | 3 |
| | | MDD-HO/AO | 4 |

2. उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के आदेश संख्याः ई–479/2018 (लो0स0चु0) दिनांक 22.03.2019 द्वारा लोक सभा चुनाव–2019 के दौरान एवं चुनाव समाप्ति के बाद मतगणना की तैयारियों के सम्बन्ध में रेडियो मुख्यालय स्तर पर तैयार किये निर्देश (परिशिष्ट–क) में उल्लिखित निर्देशों का गहराई से परिशीलन कर चुनाव से एक दिन पूर्व, मतदान के दिन, ई0वी0एम0 की सुरक्षा व्यवस्था एवं मतगणना के दिन की तैयारी पूर्व से पूर्ण कर लिये जाने हेतु सभी जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

3. उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के आदेश संख्याः ई–479/2018(एल0एस0ई0) दिनांक 22.03.2019 द्वारा लोक सभा चुनाव–2019 के अन्तर्गत प्रदेश में 11 जनपदों क्रमशः पीलीभीत, खीरी (दो चरणों में), ललितपुर, बहराइच, बलरामपुर (दो चरणों में), प्रयागराज, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, चन्दौली, एवं सोनभद्र में सम्पादित होने हैं, जिनमें कुल 240 शैडो एरिया प्रभावित मतदान केन्द्रों की संचार व्यवस्था हेतु 128 अदद वीएचएफ आरटी बैकपैक को शैडो एरिया प्रभावित जनपदों को वितरित किये जाने की व्यवस्था निर्धारित की गयी है।

4. उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के रेडियोग्राम संख्याः जीसी–1/2019 दिनांक 14.03.2019 द्वारा पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के आदेश संख्याः डीजी–आठ–77(5)–2019 दिनांक 12.03.2019 के निर्देशानुसार, आगामी लोक सभा चुनाव–2019 के दृष्टिगत दिनांक 15.03.2019 से सभी अवकाश अग्रिम आदेश तक रोकने हेतु निर्देशित किया है।

5. उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) प्राविधिक के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एटी–मिस/2016 (परफारमेन्स) दिनांक 12.03.2019 द्वारा मेसर्स वर्टेल इन्फोटेल प्रा0लि0, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली के संचार उपकरणों (5 तथा 25 वाट वीएचएफ रेडियो) के विक्रय हेतु गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सुरक्षा मंजूरी न दिये जाने के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में जेम पर बिड किये जाने से स्थाई रूप से वंचित किये जाने सम्बन्धी एस0एस0बी0 मुख्यालय का पत्रांकः 9/डब्ल्यू–एसएसबी/ 2019(17)/402–20 दिनांक 28.01.2019, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञाप दिनांक 19.02.2019 द्वारा परिचालित किया गया है। उक्तानुसार, सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## प्रशिक्षण

1. दिनांक 18.03.2019 को प्रशिक्षण केन्द्र में मासिक मेस गोष्ठी सम्पन्न हुई।

2. दिनांक 02.01.2019 से प्रचलित 93वें ग्रेड–प्रथम बैच की मध्यान्ह परीक्षाएँ दिनांक 12.03.2019 से प्रारम्भ हुईं।

3. दिनांक 12.11.2018 से 11.03.2019 तक सम्पन्न 94वें बैच ग्रेड द्वितीय प्रशिक्षण दल के 52 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण के उपरान्त दिनांक 11.03.2019 को अपने नियुक्ति जनपद/इकाई हेतु प्रस्थान किया।

## सेवानिवृत्ति

- उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो से माह मार्च–2019 में निम्न 11 अराजपत्रित कार्मिक अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सचेन्द्र बहादुर सिंह, पीएसी मुख्यालय, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मेघ श्याम सिंह, मथुरा, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजीव कुमार गुप्ता, रेडियो मुख्यालय, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सैयद अख्तर अली, रेडियो मुख्यालय, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मैकू लाल, रेडियो मुख्यालय, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अरूण कुमार मालवीय, मीरजापुर, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम कृपाल मौर्य, रेडियो मुख्यालय, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुखदेव प्रसाद अग्निहोत्री, रेडियो मुख्यालय, 9. प्रधान परिचालक/1231, वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, रेडियो मुख्यालय, 10. प्रधान परिचालक/1040, राजकुमार द्विवेदी, रेडियो मुख्यालय, 11. संदेशवाहक, अशोक कुमार तिवारी, मीरजापुर।

# प्रमुख उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार

| क्र0 | नाम | संवर्ग | पदनाम | कब से | कब तक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री ई.डब्ल्यू. हन्ट | ओ.बी.ई., आई.पी. | पुलिस अधीक्षक | 01.01.1940 | 12.08.1947 |
| 2 | मेजर सी. ग्रीग | एम.बी.ई | पुलिस अधीक्षक | 12.08.1947 | 09.06.1949 |
| 3 | मेजर सी. ग्रीग | एम.बी.ई | वायरलेस आफ़िसर | 10.06.1949 | 15.01.1950 |
| 4 | मेजर सी. ग्रीग | एम.बी.ई | प्रोविन्शियल वायरलेस आफ़िसर | 16.01.1950 | 31.12.1951 |
| 5 | श्री सी.पी. जोशी | | प्रोविन्शियल वायरलेस आफ़िसर | 01.01.1952 | 14.02.1954 |
| 6 | श्री सी.पी. जोशी | | राज्य रेडियो अधिकारी | 15.02.1954 | 15.11.1967 |
| 7 | श्री सी.पी. जोशी | | उपमहानिरीक्षक एवं राज्य रेडियो अधिकारी | 16.11.1967 | 19.04.1971 |
| 8 | श्री आर.के. सेन गुप्त | | राज्य रेडियो अधिकारी | 20.04.1971 | 25.05.1974 |
| 9 | श्री आर.के. सेन गुप्त | | उपमहानिरीक्षक (पुलिस कम्युनिकेशन) तथा राज्य रेडियो अधिकारी | 26.05.1974 | 03.08.1975 |
| 10 | श्री आर.के. सेन गुप्त | | उपमहानिरीक्षक (पुलिस टेली. कम्युनिकेशन) | 04.08.1975 | 15.08.1982 |
| 11 | श्री आर.के. सेन गुप्त | | निदेशक रेडियो संचार (उपमहानिरीक्षक पुलिस दूरसंचार) | 16.08.1982 | 25.08.1982 |
| 12 | श्री आर.के. सेन गुप्त | | अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक का पद व्यक्तिगत रूप से शासन द्वारा प्रदान किया गया | 26.08.1982 | 31.01.1983 |
| 13 | श्री आर.जी. गुप्ता | | निदेशक रेडियो संचार उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) | 31.01.1983 | 30.09.1987 |
| 14 | श्री रोशन लाल | | निदेशक रेडियो संचार उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) | 30.09.1987 | 16.06.1991 |
| 15 | श्री रोशन लाल | | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक (रेडियो संचार) | 17.06.1991 | 31.07.1994 |
| 16 | श्री जे.पी. राय | आई.पी.एस. | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक (रेडियो संचार) | 01.08.1994 | 31.12.1994 |
| 17 | श्री जे.पी. राय | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (रेडियो संचार) | 01.01.1995 | 08.02.1995 |
| 18 | श्री एस.एम. नसीम | आई.पी.एस. | पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक (रेडियो संचार) | 08.02.1995 | 06.03.1996 |
| 19 | श्री आर.के. पंडित | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 06.03.1996 | 24.06.1997 |
| 20 | श्री ए.सी. शर्मा | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 19.08.1997 | 01.01.1998 |
| 21 | श्री हाकम सिंह | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 13.02.1998 | 02.04.1998 |
| 22 | श्री ए. अब्राहम कुरियन | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 02.04.1998 | 25.04.1998 |
| 23 | श्री आर.के. पंडित | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 25.04.1998 | 11.01.1999 |
| 24 | श्री एस.एम. नसीम | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 11.01.1999 | 17.10.2001 |
| 25 | श्री जी.एल. शर्मा | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 17.10.2001 | 23.12.2001 |
| 26 | श्री आर.सी. शर्मा | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 23.12.2001 | 02.05.2003 |
| 27 | श्री हर अमोल सिंह | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 02.05.2003 | 18.06.2003 |
| 28 | श्री एस.के. रिज़्वी | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 12.07.2003 | 12.08.2003 |
| 29 | श्री पी.एस.वी. प्रसाद | आई.पी.एस. | पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 12.08.2003 | 12.01.2004 |
| 30 | श्री बी.के. भल्ला | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 25.01.2004 | 29.11.2006 |
| 31 | श्री बी.के. भल्ला | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 02.02.2007 | 14.05.2007 |
| 32 | श्री एस. बाला जी | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 21.05.2007 | 14.06.2007 |
| 33 | श्री ओ.पी.एस. मलिक | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 14.06.2007 | 30.06.2008 |
| 34 | श्री अलेक्ज़ाण्डर डेनियल | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 04.07.2008 | 02.04.2009 |
| 35 | श्री देव राज नागर | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 16.07.2009 | 13.09.2010 |
| 36 | श्री देव राज नागर | आई.पी.एस. | पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 14.09.2010 | 09.11.2010 |
| 37 | श्री राम देव | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 09.11.2010 | 24.02.2011 |
| 38 | श्री गुरबचन लाल | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 23.05.2011 | 19.03.2012 |
| 39 | श्री रिज़वान अहमद | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 20.03.2012 | 31.03.2012 |
| 40 | श्री रिज़वान अहमद | आई.पी.एस. | विशेष पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 01.04.2012 | 03.08.2012 |
| 41 | श्री रिज़वान अहमद | आई.पी.एस. | पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 03.08.2012 | 10.05.2013 |
| 42 | श्री ओ.पी. सिंह | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 10.05.2013 | 07.12.2013 |
| 43 | श्री देवेन्द्र सिंह चौहान | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 07.12.2013 | 13.04.2015 |
| 44 | श्री सूर्यकुमार शुक्ल | आई.पी.एस. | पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 13.04.2015 | 03.07.2015 |
| 45 | श्री वीरेन्द्र कुमार | आई.पी.एस. | अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 03.07.2015 | 08.02.2016 |
| 46 | श्री एच.सी. अवस्थी | आई.पी.एस. | पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 09.02.2016 | 17.05.2016 |
| 47 | श्री ए.के.डी. द्विवेदी | आई.पी.एस. | पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 17.05.2016 | 31.07.2017 |
| 48 | श्री प्रमोद कुमार तिवारी | आई.पी.एस. | पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) | 26.10.2017 | 25.02.2019 |

सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर। सहयोगीगण– श्री अख्तर अली, रेडियो उप निरीक्षक।
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।
मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW
प्रतियाँ – 300